भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.10.2025

आरेडिका में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती पर दिया स्वच्छता का संदेश

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 02.10.2025 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 156वीं जयंती के अवसर पर "स्वच्छ भारत मिशन 5.0" के अन्तर्गत साफ–सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राकेश राज पुरोहित के साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी नीरज श्रीवास्तव, कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों तथा कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की चित्रप्रतिमा पर "माल्यार्पण" किया तथा पुष्प अर्पित किए।

इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों ने स्वच्छता की शपथ ली, कि हम साल में 100 घण्टे स्वच्छता के लिए श्रमदान करेंगे, हम न तो गन्दगी करेगें और न ही गन्दगी करने देंगें तथा आरेडिका के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में झाडू लगाकर साफ–सफाई का लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द ने संविधान की प्रस्तावना और गांधी जी के विचारों पर चर्चा करते हुए अपने संबोधन में कहा कि बापू के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए हम सब को स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए। हमें अपने आस–पास की सड़को, गलियों, नालियों, पार्कों, स्कूलों एवं सेवा भवनों को साफ–सुथरा रखना चाहिए।

इस अवसर पर जनसम्पर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने मंच संचालन का कार्य किया।

A Srivastava
3/10/2025

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी